web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

समस्त सुधि पाठकों को न्याय साक्षी परिवार की तरफ से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं... गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आज न्याय साक्षी कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी सोमवार को प्रकाशित होगा।

कृते-संपादक

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 26 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-118

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अब मरीजों से निजी अस्पताल नहीं ले सकेंगे मनमर्जी का पैसा

**जल्द बनेगा कानून**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के लोगों को अब अस्पताल में हो रही लूट से जल्द राहत मिल सकती है। सरकार लोगों को लूट से बचाने के लिए नया कानून लाने वाली है। जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित ड्राफ्ट पर आए सुझाव को शामिल कर फाइनल ड्राफ्ट को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि अस्पतालों की लूट से बचाने वाला कानून जल्द लागू होगा।

### 3 लाख के लालच में किया था पूर्व सुपरिटेंडेंट का मर्डर

मोहाली। दो दिन पहले नयागांव में पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व सुपरिटेंडेंट




राजकुमार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्या के दो दिन बाद पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है। एसएसपी मोहाली कुलदीप सिंह चहल की ओर से शुकवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी गई कि राजकुमार की हत्या दो युवकों ने 3 लाख रूपए की लालच में आकर की थी। एसएसपी ने बताया कि मृतक राजकुमार अपने घर के पास नाई की दुकान पर अक्सर बैठता था। वहीं पर दो युवक 22 साल का शुभम और 23 साल का मोनू भी बैठते थे। राजकुमार नाई की दुकान पर बैठ कर बताता था कि उसके तीन लाख रूपए कहीं से आने वाले है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शुभम और मोनू ने लालच में आकर पैसे लूटने का प्लान बनाया। राजकुमार का बेटा इंद्रजीत रात को डयूटी से देर से लौटता था। बेटे के आने पर ही राजकुमार घर का दरवाजा खोलता था। दोनों युवक इंद्रजीत के दोस्त बन कर घर में दाखिल हुए और जाते ही राजकुमार की गर्दन पर चाकु से हमला कर दिया। बाद में उसे रसोई में ले जाकर और वार किए। एकाएक हुए हमले से ज्यादा खून बह जाने से राजकुमार की मौत हो गई।

### पेड़ से लटकता एक लड़की का मिला शव, साड़ी से बनाया था फंदा

समस्तीपुर. बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक लड़की का शव मिला। शव थाने से महज 100 गज की दूरी पर आम के पेड़ से लटक रहा था। लड़की के गले में साड़ी का फंदा था। शुक्रवार सुबह शव मिलने की सूचना पर गांव के लोग जुट गए। सूचना मिलने पर कल्याणपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों के अनुसार लड़की की हत्या की गई है। हत्या से पहले लड़की के साथ छेड़छाड़ भी की गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि लड़की की हत्या की गई या उसने आत्महत्या की यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

### 10 फीसदी आरक्षण का लाभ सिर्फ उन्हें, जो 1978 से पहले से गुजरात में बसे हुए हैं : उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल

नई दिल्ली। गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन



पटेल ने कहा है, हमने तय किया है कि 10 फीसदी आरक्षण का लाभ उन्हीं परिवारों को दिया जाएगा, जो वर्ष 1978 से पहले से गुजरात में बसे हुए हैं, या वर्ष 1978 से पहले गुजरात आ गए थे.

# गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी में सख्त सुरक्षा

## रात से सील हो जाएंगी सारी सीमाएं



नई दिल्ली (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस को देखते हुए दिल्ली में शुक्रवार शाम से ही सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया जाएगा। रात 10 बजे से दिल्ली की सभी बॉर्डर सील कर दिए जाएंगे। किसी भी कमर्शल वीकल को 26 जनवरी की दोपहर तक दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव से दिल्ली आने वाली टैक्सियों और प्राइवेट गाड़ियों को भी बॉर्डर के आसपास जगह-जगह रोक कर चेकिंग की जाएगी। इसके कारण लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

26 जनवरी यानी शनिवार की सुबह से दोपहर तक नई दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली के कई रास्ते बंद रहेंगे। इससे रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, एयरपोर्ट आने जाने वालों को परेशानी हो सकती है। मेट्रो सेवाओं पर भी कुछ असर पड़ेगा। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को अडवांस जर्नी प्लान करने और अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलने की सलाह दी है। गणतंत्र दिवस परेड सुबह 9:50 बजे राष्ट्रपति भवन के पास विजय चौक से शुरू होगी।

**इंडिया गेट पर बंद रहेगा प्रवेश**

परेड राजपथ, इंडिया गेट, तिलक मार्ग, आईटीओ, बहादुरशाह जफर मार्ग, दिल्ली गेट, दरियागंज और नेताजी सुभाष मार्ग से होते हुए दोपहर 12 बजे के करीब लाल किला मैदान पर जाकर खत्म होगी। राजपथ पर विजय चौक से इंडिया गेट के बीच शुक्रवार शाम 6 बजे से ही ट्रैफिक का प्रवेश बंद रहेगा। रात 11 बजे से लोग रफी मार्ग, जनपथ और मान सिंह रोड से भी राजपथ को क्रॉस करके आगे नहीं जा सकेंगे। इंडिया गेट को भी रात 2 बजे से ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया जाएगा।

तिलक मार्ग, डब्ल्यू पॉइंट, आईटीओ, बहादुरशाह जफर मार्ग, दिल्ली गेट, दरियागंज और नेताजी सुभाष मार्ग पर छत्ता रेल तक के रूट पर भी शनिवार सुबह 10 बजे से ट्रैफिक की एंट्री रोक दी जाएगी।

## एससी/ एसटी कानून को लेकर दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर सकता है उच्चतम न्यायालय





नयी दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (अजा/अजजा) अधिनियम 2018 के संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं एवं केंद्र की पुनर्विचार याचिका को उचित पीठ के समक्ष एक साथ सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षा वाली एक पीठ ने कहा कि वह विचार करेगी और जो भी जरूरी होगा, किया जाएगा। अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी) के के वेणुगोपाल ने कहा कि न्यायमूर्ति ए के सीकरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने बृहस्पतिवार को यह कहते हुए एक आदेश पारित किया कि अजा/ अजजा कानून 2018 के खिलाफ दायर याचिकाओं एवं केंद्र की समीक्षा याचिका पर एक साथ सुनवाई करना उचित होगा। शीर्ष अदालत ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचारों की रोकथाम) संशोधन कानून, 2018 पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया।

## इसरो ने सैटलाइट के प्रक्षेपण के लिए चुना आधी रात का समय

हैदराबाद (आरएनएस)। आन्ध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से आधी रात को पीएसएलवी के लॉन्च वीकल सी-44 के जरिए दो सैटलाइट का सफल प्रक्षेपण किया गया। पांच महीने में यह दूसरा ऐसा मौका था जब सैटलाइट का प्रक्षेपण रात के वक्त किया गया हो। लॉन्चिंग का समय निर्धारित करने में सैटलाइट माइक्रोसैट-आर ने मुख्य भूमिका निभाई। इसरो के चेयरमैन के सिवन का कहना है कि सैटलाइट की जरूरत के हिसाब से समय का चुनाव किया गया।

दरअसल 740 किलोग्राम भार वाला इमेंजिंग सैटलाइट माइक्रोसैट-आर को इस तरह योजनाबद्ध किया गया था कि यह हर दिन दोपहर 12 बजे के करीब भूमध्य रेखा को पार करे जब सूर्य भारतीय क्षेत्र को रोशन कर रहा होता है। गुरुवार को श्रीहरिकोटा के भारतीय स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से रात ग्यारह बजकर 37 मिनट पर पीएसएलवीसी-44 ने माइक्रोसैट-आर और कलामसैट आर सैटलाइट को साथ लेकर प्रक्षेपण किया।

## ईडी ने राजस्थान की कंपनी की 2.09 करोड़ रू की संपत्ति की कुर्क

**चिटफंड मामला**

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय ने चिटफंड धनशोधन मामले में राजस्थान की एक कंपनी के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स समेत 2.09 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है। निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि मार्केटिंग कंपनी ओरो ट्रेड नेटवर्क इंडिया लिमिटेड की सम्पत्तियों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत कुर्क करने के आदेश जारी किए गए है। कुर्क संपत्ति का कुल मूल्य 2.09 करोड़ रुपए है।

## 855 पुलिस अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस पदक से नवाजा गया



नई दिल्ली (आरएनएस)। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 855 पुलिस कर्मियों को पदक से सम्मानित किया गया है। शौर्य के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक (पीपीएमजी) से तीन कर्मियों को सम्मानित किया गया है, शौर्य के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) से 146 कर्मियों को नवाजा गया है, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से 74 कर्मियों को और उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक से 632 कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

शौर्य के लिए सभी तीनों राष्ट्रपति पुलिस पदक से सीआरपीएफ कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

शौर्य के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किए गए 146 कर्मियों में से 41 सीआरपीएफ के हैं। इसी तरह इनमें ओडिशा पुलिस के 26, जम्मू-कश्मीर पुलिस के 25, छत्तीसगढ़ पुलिस के 14, मेघालय के 13, उत्तर प्रदेश के 10, बीएसएफ के 08, दिल्ली के 04, झारखंड के 03 और असम राइफल्स एवं आईटीबीपी के 1-1 कर्मी हैं।

## रायबरेली से ही लड़ेंगी प्रियंका ?

**राहुल का इशारा**



रायबरेली (आरएनएस)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस चीफ राहुल गांधी पूरे ऐक्शन में आ गए हैं। बहन प्रियंका गांधी को कांग्रेस महासचिव और पूर्वी यूपी का प्रभारी बनाने के साथ ही अब वह उन्हें और जिम्मेदारी देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। अपनी मां (सोनिया गांधी) की परंपरागत संसदीय सीट रायबरेली में राहुल ने कहा कि महासचिव की औपचारिक जिम्मेदारी संभालते ही सबसे पहले प्रियंका गांधी रायबरेली आएंगी और स्थानीय लोगों का हालचाल लेंगी।

सियासी हलकों में प्रियंका गांधी के इस बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के बयान के बाद से इन चर्चाओं को बल मिला है कि प्रियंका गांधी अपनी मां के संसदीय क्षेत्र रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी। बता दें कि सोनिया गांधी बीमारी के कारण रायबरेली में सक्रिय नहीं हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि प्रियंका की सलाह से ही वहां कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई थीं।

## श्रीलंका ने मारे गए और लापता पत्रकारों के लिए न्याय की मांग की

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका में मारे गए और लापता हुए पत्रकारों के संबंधियों, सांसदों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर सरकार से हत्या एवं अपहरण की इन घटनाओं की जांच तेज करने की मांग की है। रैली के एक आयोजक फ्रेड्डी गैमेज ने कहा कि चार साल सत्ता में होने के बावजूद मौजूदा सरकार ''पत्रकारों पर हमलों के जिम्मेदार लोगों को सजा देने के अपने वादे का पूरा करने में नाकाम रही है''।

2015 में सत्ता में आए देश के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने सजा माफी की संस्कृति को समाप्त करने और मारे गए पत्रकारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का वादा किया था।

पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के कार्यकाल में पत्रकारों की हत्या, उनके अपहरण और उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आई थीं।

## मशहूर हिंदी साहित्यकार कृष्णा सोबती का निधन



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रसिद्ध साहित्यकार और ज्ञानपीठ अवॉर्ड से सम्मानित कृष्णा सोबती का निधन हो गया। 18 फरवरी 1925 को वर्तमान पाकिस्तान के एक कस्बे में सोबती का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी रचनाओं में महिला सशक्तिकरण और स्त्री जीवन की जटिलताओं का जिक्र किया था। सोबती को राजनीति-सामाजिक मुद्दों पर अपनी मुखर राय के लिए भी जाना जाता है।

उनके उपन्यास मित्रो मरजानी को हिंदी साहित्य में महिला मन के अनुसार लिखी गई बोल्ड रचनाओं में गिना जाता है। 2015 में देश में असहिष्णुता के माहौल से नाराज होकर उन्होंने अपना साहित्य अकादमी अवॉर्ड वापस लौटा दिया था।

## अंगोला ने समलैंगिक संबंधों को वैध करार दिया

लुआंडा (आरएनएस)। अंगोला ने समलैंगिक रिश्तों को वैध करार दे दिया है। मीडिया ने ह्यूमन राइट्स वॉच एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी ने यह भी बताया कि अंगोला की सरकार ने ऐसे कानून बनाए जो लोगों के साथ उनके लैंगिक झुकाव या आकर्षण के आधार पर भेदभाव करने पर रोक लगाते हैं। सीएनएन के अनुसार, जो लोग लैंगिक झुकाव या आकर्षण के आधार पर समलैंगिकों को नौकरी देने से मना करते हैं, उन्हें नए कानून के तहत दो साल की जेल हो सकती है।

## 2025 तक नहीं दूंगा राष्ट्रपति पद से इस्तीफाः मादुरो



काराकास (आरएनएस)। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा है कि वह 2025 में अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। मादुरो ने गुरुवार को कहा, मैं नागरिक समाज और सेना के समर्थन से 2025 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने नये भ्रष्टाचार रोधी सुधार की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में इस सुधार को लागू करने के लिए आप लोगों से समर्थन मांग रहा हूं ताकि नए अपराधों और नए दंडों के निर्धारण और भ्रष्टाचार समेत सभी अपराधों के लिए दंड-व्यवस्था को सख्त किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि वेनेजुएला में राजनीतिक संकट जारी है। विपक्ष के प्रभुत्व वाली नेशनल असेंबली ने मंगलवार को राष्ट्रपति को हटाने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और विपक्ष के नेता जुआन गुएडो ने बुधवार को एक जनसभा में स्वयं को देश का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर दिया। इस बीच अमेरिका, अर्जेंटीना, ब्राजिल, कनाडा, चिली और कोलंबिया सहित कई देशों ने गुएडो को वेनेजुएला के अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर स्वीकार कर लिया है।

## 7 साल की बेटी करती थी शैतानी, मां ने गला दबाकर ली जान





विशाखापट्टनम (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में तीन दिन पहले एक सात साल की बच्ची का शव उसके घर में मिला था। इस मामले में जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने बच्ची की मां को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मां ने बच्ची को मारने का चौंकाने वाला कारण बताया। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी बहुत शरारती थी और वह उसकी शरारत से तंग आ गई थी, इसलिए उसका गला दबाकर मार दिया।

एसआई वी. चक्रधर राव ने बताया कि सोमवार को सात साल की बच्ची बांदी राम्या का शव रामबिल्ली पुलिस थानांतर्गत उसके घर में मिला था। बच्ची की मां बी. ऊषा (32) ने दावा किया कि उनकी बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसे पागलपन का दौरा पड़ा और उसने खुद का मार लिया। पुलिस ने भी इसे आत्महत्या मानते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

**पांच साल के बेटे ने खोली पोल**

पुलिस कार्रवाई कर रही थी, तभी घर में मौजूद ऊषा के पांच वर्षीय बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पापा अप्पा राव सोमवार को घर पर नहीं थे।

उसकी मां ने बांदी का गला दबाकर उसे मार डाला। बच्चे के बयान के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू की।

**बेटे से था प्यार और बेटी से नफरत**

जांच में पता चला कि ऊषा को दो बेटियों के बाद तीसरी बार बेटा हुआ था।

## महिलाओं का अपमान, माफी मांगे राहुल गांधी:बीजेपी

**तेलंगाना कांग्रेस का विवादित पोस्टर**

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना कांग्रेस के एक पोस्टर पर इन दिनों जमकर बवाल हो रहा है। दरअसल तेलंगाना कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए दौपद्री वस्त्रहरण का पोस्टर बनाया है।

बीजेपी ने कांग्रेस पर पोस्टर के जरिए हिंदू महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया है और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी की मांग की है। पोस्टर में तेलंगाना में लोकतंत्र को द्रौपदी और धृतराष्ट्र को चुनाव आयोग के रूप में पेश करते हुए कांग्रेस ने चुनाव आयोग के एजेंट द्वारा लोकतंत्र के शोषण का आरोप लगाया है।

## 26 जनवरी से पहले बैट और स्नाइपर अटैक की ताक में पाक

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने सीमा पर बड़ी संख्या में स्नाइपर और कुख्यात बॉर्डर ऐक्शन टीम (बीएटी) के जवानों को तैनात किया है। सैटलाइट से मिले चित्रों में यह साफ नजर आ रहा है कि पाकिस्तानी सीमा में आतंकवादी लॉन्च पैड बढ़ गए हैं। पाकिस्तान ने यह कदम भारत के गणतंत्र दिवस से ठीक पहले उठाया है। माना जा रहा है कि पाकिस्तानी स्नाइपर और बैट जवान भारतीय सुरक्षा बलों पर बड़े हमले की ताक में हैं।

## कोचिंग जा रही छात्रा से वैन सवार युवकों ने किया गैंगरेप



कानपुर (आरएनएस)। कोचिंग पढ़ने के लिए मंगलवार शाम घर से निकली 10वीं की छात्रा को वैन सवार तीन युवकों ने अगवा कर लिया और दुष्कर्म कर रात में उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। बदहवास छात्रा ने किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से अपने घरवालों को सूचना दी।